# जनरल बिपिन रावत डिफेंस टेक्नोलॉजी लैब स्थापित

**देहरादून।** राज्यपाल ने कहा कि वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा दिए जाने के लिए जनरल बिपिन रावत डिफेंस टेक्नोलॉजी लैब स्थापित की गई है। इसके लिए आईएमए से समझौता किया गया है। जिसमें देशभर से एवं अन्य मित्र राष्ट्रों के कैडेट्स को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। ब्यूरो

## विदेशों में दिला रहे रोजगार

कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की ओर से 20 आईटीआई को कर्नाटक मॉडल की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है। इसके अलावा आईटीआई पास युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## कैडेट्स को मिलेगी ट्रेनिंग

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि में स्थापित देश के पहले सीडीएस स्व.जनरल बिपिन रावत डिफेंस टेक्नोलॉजी लैब स्थापित की गई है। इस लैब में देश और मित्र देशों की सेना के कैडेट्स को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने इंडियन मिलिट्री एकेडमी के साथ कैडेट्स को तकनीकी प्रशिक्षण देने के लिए समझौता किया है।

## 75 हजार की प्रोत्साहन राशि

अल्पसंख्यक विभाग की ओर से मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में अल्पसंख्यक वर्ग के सफल अभ्यर्थियों को अधिकतम 75 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।